हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

11 कुंगड़ से मुंढ़ाल सड़क पर रोड़े बिछाकर ...



12 डीएचबीवीएन की मनमानी से हाहाकार, 13 घंटों से ...






### नियुक्ति पत्र नहीं मिलने एवं अदालती फैसलों की अनदेखी को लेकर नाराजगी जताई

# वादा खिलाफी पर भड़के कंप्यूटर ऑपरेटर 12 और 13 को महापड़ाव की दी चेतावनी

**शोषण का अड्डा बना हरियाणा कौशल रोजगार निगम : हवासिंह**

**पांच हजार से अधिक कम्प्यूटर ऑपरेटरों के भविष्य पर छाया संकट : अनिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी






भिवानी। शहर में विरोध प्रदर्शन करते और लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते कंप्यूटर ऑपरेटरों व आईटी प्रोफेशनल्स। फोटो : हरिभूमि

भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के आह्वान पर भिवानी जिले के विभिन्न विभागों के कंप्यूटर ऑपरेटरों व आईटी प्रोफेशनल्स ने शहर में विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। हरियाणा सरकार की वादा खिलाफी एवं तानाशाही रवैये के खिलाफ प्रदेशभर के कंप्यूटर ऑपरेटरों एवं आईटी प्रोफेशनल्स में भारी आक्रोश पनप रहा है।

20-25 वर्षों से सरकारी विभागों की रीढ बने इन कर्मचारियों ने अब सरकार के खिलाफ लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्स संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने चेताया कि अगर समय रहते उनकी जायज मांगों को पूरा नहीं किया तो 12 व 13 जुलाई को प्रदेशभर के तमाम कर्मचारी निदेशक मुख्यालय भू-अभिलेख पंचकूला के कार्यालय पर दो दिवसीय विशाल धरना और पड़ाव डालेंगे। बीएमएस के प्रांतीय मंत्री हवासिंह तंवर व जिला प्रधान अनिल कुमार के नेतृत्व में कंप्यूटर ऑपरेटरों व आईटी प्रोफेशनल्स ने प्रदर्शन कर रोष जताया। रोष प्रदर्शन का संचालन संघ के प्रदेश महामंत्री सुनील मेहरा व जिला मंत्री संदीप बागनवाला ने किया। कर्मचारियों में वादे के मुताबिक नियुक्ति पत्र नहीं मिलने एवं अदालती फैसलों की अनदेखी को लेकर भारी नाराजगी जताई। इस दौरान कर्मचारियों ने शहर में प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश सरकार के नाम मांगपत्र सौंपा। संघ के प्रांतीय मंत्री हवासिंह तंवर व जिला प्रधान अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि 15 जून तक सेवा सुरक्षा नियम 2024 के अंतर्गत सभी पात्र कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र दे दिए जाएंगे, लेकिन आज तक एक भी कर्मचारी को नियुक्ति पत्र नहीं मिला है। उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि एनएचएम कर्मचारियों के सेवा नियम वित्त विभाग ने फ्रीज कर दिए थे, जिसे पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है। उच्च न्यायालय ने 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके एनएचएम कर्मचारियों को नियमित करने का ऐतिहासिक निर्णय दिया है, लेकिन सरकार इस फैसले को लागू करने की बजाय इसके खिलाफ एलपीए दायर कर रही है।

**उग्र आंदोलन के लिए सरकार जिम्मेदार**

हवासिंह व अनिल ने बताया कि वर्तमान में प्रदेशभर में डीआईटीएस व हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत पांच हजार से अधिक कंप्यूटर ऑपरेटर कार्यरत हैं, ये कर्मचारी उपायुक्त कार्यालयों, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों, एसडीएम कार्यालयों, सरल केंद्रों तथा राजस्व विभाग के तहसील व उप-तहसील कार्यालयों में पूरी निष्ठा से जनता से जुड़े ऑनलाइन कार्यों को संभाल रहे हैं। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि वे मुख्यमंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव और महानिदेशक भू-अभिलेख को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रख रहे हैं, यदि 12 जुलाई से पहले सरकार ने इस पर सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो पंचकूला में होने वाले इस उग्र प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार व राजस्व विभाग की होगी।

**प्रदर्शन में ये रहे शामिल**

इस मौके पर गुरदीप, विद्युत कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष इमरान, अनुबंध स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष आबिद खान, सफाई कर्मचारी राजवीर, सीबीएलयू के जिलाध्यक्ष प्रदीप, वित्तीय ठेका मजदूर संघ नरेंद्र वशिष्ठ, समग्र शिक्षा जिलाध्यक्ष नरेश, संजय, अमित, वीरेंद्र, संजय पूनिया, जॉनी शर्मा, अजय, अशोक, राहुल, मनोज, सुनीता, मोहित, मनीष, अनिल, संजय, ललित, सुनील, नीरज, नवीन, मंगलेश, ईश्वर, विनोद, मंजीत, संदीप नेहरा, हरीश, अरुण सोनी, दलीप, सुशील, सुनील, धीरज, दीपक व अश्वनी आदि मौजूद रहे।

## सीनियर हरियाणा राज्य नेटबॉल चैंपियनशिप चार और पांच को

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

■ सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप 7 से 9 अगस्त तक होगी : बबीता

हरियाणा में नेटबॉल खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन ने अपनी कमर कस ली है। एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने खेल कैलेंडर सत्र 2026-27 के तहत होने वाली राज्य और राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप की तारीखों और आयोजन स्थलों का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इस बार हरियाणा को सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव भी मिला है।

महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की मजबूत टीमों (पुरुष व महिला) का चयन करने के उद्देश्य से 20वीं सीनियर हरियाणा राज्य नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष व महिला) का आयोजन 4 से 5 जुलाई तक किया जा रहा है। खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर देने के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई सोनीपत में किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में केवल वहीं खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जो नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (सत्र 2026-27) में पूरी तरह से पंजीकृत हैं।

दहिया ने स्पष्ट किया कि नियमों एवं पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए बिना पंजीकरण वाले खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। चैंपियनशिप से संबंधित किसी भी प्रकार की तकनीकी जानकारी, नियम या शेड्यूल के लिए खिलाड़ी सोनीपत प्रभारी शबनम से सीधा संपर्क स्थापित कर सकते हैं। बबीता ने बताया कि 44वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष वर्ग) का आयोजन 7 से 9 अगस्त तक पलवल के सुभाषचंद्र बोस इनडोर स्टेडियम में खेली जाएगी।

## गांव हड़ौदा कलां में राजमिस्त्री ने नहर किनारे पेड़ पर फंदा लगाकर जान दी

■ तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**चरखी दादरी।** हड़ौदा कलां निवासी युवक ने वीरवार को गांव में नहर किनारे पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शव का पोस्टमार्टम दादरी के नागरिक अस्पताल में करवाया गया। गांव हड़ौदा कलां निवासी 36 वर्षीय हरकेष बतौर राजमिस्त्री काम करता था। वीरवार सुबह करीब नौ बजे वह घर से गया था। दोपहर 12 बजे किसी ग्रामीण ने उसे नहर किनारे पेड़ पर फंदे से लटका हुआ देखा। उसके द्वारा जानकारी पाकर ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पाकर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया गया। मामले के जांच अधिकारी अटेला चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल सुनील ने बताया कि मृतक की पत्नी संतोष के बयान के आधार पर इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई अमल में लाई गई है। मृतक दो बेटी व एक बेटे का पिता था।

## मनफरा में घर में घुसकर महिला पर किया हमला

**लोहारू।** गांव मनफरा (मोहम्मद नगर) में युवक द्वारा घर में घुसकर अधेड़ उम्र की महिला पर हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दिए बयान में मनफरा निवासी सुरेश देवी ने बताया कि उसके पति का स्वर्गवास हो चुका है। वह अपने बेटे दिनेश के साथ गांव में ही रहती है। बीते दिवस गांव का सोनू उसके घर में आ धमका और उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। पड़ोसियों ने घायल महिला को लोहारू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे भिवानी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नशा मुक्ति पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम 11 को पंचकुला में होगा

**भिवानी से भी नशा मुक्ति पर काम करने वाली संस्थाओं और केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य भाग लेंगे**

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक में जुड़े। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को पंचकुला स्थित इंद्र धनुष आडिटोरियम में नशा मुक्ति पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति पर काम करने वाली संस्थाओं और केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य शामिल होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम के माध्यम से ड्रग्स आदि नशे के खिलाफ अपना संदेश देंगे। डीसी गुप्ता ने बताया कि पंचकुला में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में जिला भिवानी से भी नशा मुक्ति पर काम करने वाली संस्थाओं और केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य भाग लेंगे। इसके लिए एसडीएम भिवानी महेश कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं दूसरी ओर चंडीगढ़ मुख्यालय से वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता और मुख्यमंत्री कार्यलय के स्पेशल आफिसर पंकज नैन ने नशा मुक्ति अभियान पर प्रदेशभर में आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को पंचकुला कार्यक्रम के अलावा 18 जुलाई को पुलिस मुख्यालय मधुबन में पुलिस अधिकारियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति पर युवाओं में जागरूकता को लेकर मैराथन के आयोजन बारे रूप रेखा तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का मुख्य उद्देश्य युवाओं को ड्रग्स आदि किसी भी प्रकार के नशे से बचाव करना है। वीसी के दौरान एसडीएम महेश कुमार, सीटीएम अनिल कुमार, सिविल सर्जन डा. रघुवीर शाडिल्य, जिला शिक्षा अधिकारी निर्म दहिया, ड्रग्स कंटोलर सुरेन्द्र सिंहमार मौजूद रहे।

# हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर बोर्ड अध्यक्ष ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

**हाईटैक कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर से प्रत्येक केन्द्र पर रखी जाएगी पैनी नज़र: बोर्ड अध्यक्ष**

**एआई. तकनीक से लैस सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केंद्रों की होगी लाइव मॉनिटरिंग : सचिव मुनीश शर्मा**

04 व 05 जुलाई, 2026 को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के नकल-विहीन व सुव्यवस्थित संचालन हेतु हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा पुख्ता प्रबन्ध कर लिए गए हैं। बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी परीक्षा ड्युटी पूर्ण ईमानदारी व कर्तव्यपरायणता से करें।

वीरवार को बोर्ड मुख्यालय पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव मुनीश शर्मा, . ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को एचटेट परीक्षा के सुसंचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा उडऩदस्तों को कर्तव्य व उत्तरदायित्व की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर शांति, सुरक्षा एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा पुख्ता प्रबन्ध किए गए हैं। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले सभी उम्मीदवारों की मेटल डिटेक्टर के माध्यम से फ्रिसंकिग होगी और बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उम्मीदवारों के पास किसी प्रकार के अवैध सामग्री न हो। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या असामाजिक गतिविधियों से बचने के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित हाईटैक कंमाड एंड कंट्रोल सैन्टर से परीक्षा केंद्रों की लाइव निगरानी की जाएगी। जिसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जाएगा ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता लगाया जा सके। परीक्षा केंद्रों के आस-पास पुलिस द्वारा पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में प्रदेशभर में 02 लाख 33 हजार 294 अभ्यर्थी 383 परीक्षा केन्द्रों पर प्रविष्ट होंगे। 04 जुलाई को सांयकालीन सत्र में लेवल-3 की परीक्षा होगी, जिसमें 73,091 अभ्यर्थी तथा 05 जुलाई को प्रातःकालीन सत्र में लेवल-2 की परीक्षा में 1,19,141 अभ्यर्थी एवं सायंकालीन सत्र में लेवल-1 की परीक्षा में 41,062 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि भिवानी जिले में 21 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## परीक्षा के दौरान 254 पुलिसकर्मी रहेंगे ड्यूटी पर तैनातः एसपी



**चरखीदादरी।** एचटेट को नकल रहित, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए चरखी दादरी पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार के निर्देशन में जिले के सभी 11 परीक्षा केंद्रों के लिए विशेष सुरक्षा योजना तैयार की गई है। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए कुल 254 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसपी लोगेश कुमार ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर 107 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं, जो परीक्षा शुरू होने से पहले अपनी ड्यूटी संभालेंगे और परीक्षा समाप्त होने तक पूरी सतर्कता बनाए रखेंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ एक-एक सब इंस्पेक्टर की भी तैनाती की गई है, ताकि प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बना रहे। इसके अलावा जिले में पेट्रोलिंग पार्टियां, राइडर और सभी पीसीआर वाहन लगातार सक्रिय रहेंगे। सभी थाना प्रबंधकों और पुलिस चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में रूट ड्यूटी पर लगाया गया है।

## 4 और 5 जुलाई को एचटेट की परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी

**भिवानी।** एचटेट 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, भिवानी में पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार, आईपीएस की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, प्रबंधक थाना, ड्यूटी इंचार्ज तथा अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। एसपी ने बताया कि जिला भिवानी में 13 स्थानों पर 21 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके।



**8 पेट्रोलिंग पार्टियां व दस राइडर्स रहेंगे तैनातः** एसपी ने बताया कि एचटेट परीक्षा के दौरान 08 पेट्रोलिंग पार्टियां तथा 10 राइडर्स विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर तैनात किए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा 05 विशेष नाके लगाए गए हैं।

### मानसून की दस्तक से किसानों के चेहरे खिले, गर्मी से मिला छुटकारा

# दादरी में 9 और बाढ़ड़ा में 12 एमएम पानी बरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिले में वीरवार को आखिरकार मानसून ने दस्तक दे दी है। अलसुबह शुरू हुई बारिश करीब पांच घंटे तक रुक-रुककर जारी रही, जिससे मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। बारिश के बाद अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई और तापमान 40 डिग्री से घटकर 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिनभर आसमान में बादल छाए रहने एवं ठंडी हवाएं चलने से लोगों को भीषण गर्मी व उमस से बड़ी राहत मिली। बाढ़ड़ा क्षेत्र में 12 एमएम तथा दादरी में नौ एमएम पानी बरसा, जबकि बौंद कलां क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी हुई।





भिवानी। दादरी के लोहारू रोड पर जमा पानी और दादरी नगर परिषद कार्यालय के साइड में जमा पानी। फोटो : हरिभूमि

**बाजारों में चहल-पहल**

वीरवार सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई बारिश का सिलसिला लगभग 10 बजे तक चलता रहा। कई दिनों से गर्मी एवं उमस से परेशान लोगों ने राहत महसूस की। मौसम अनुकूल होने के कारण बाजारों में भी दिनभर अच्छी चहल-पहल रही। बारिश का सबसे अधिक फायदा किसानों को मिला है। जिला कृषि विषय विशेषज्ञ डॉ. चंद्रभान श्योराण ने बताया कि जिन किसानों ने बाजरा, कपास, ग्वार तथा अन्य खरीफ फसलों की बिजाई पहले ही कर दी थी, उनके लिए ये वर्षा बेहद लाभदायक है। खेतों में पर्याप्त नमी बनने से फसलों के बेहतर अंकुरण की संभावना बढ़ गई है। हालांकि बारिश के साथ शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या भी सामने आई। निचले क्षेत्रों और प्रमुख सड़कों पर पानी जमा होने से राहगीरों और वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**लोहारू में भी बरसे बदरा**

**लोहारू।** लोहारू शहर और आस पास के गांवों में झमाझम बरसात हुई। देर रात से सुबह 9 बजे तक रुक रुक कर बरसात होती रही। बरसात ने जहां लोगों के उमस भरी गर्मी से राहत प्रदान की वहीं यह बरसात बाजरे की फसल के लिए भी उपयोगी बताई जा रही है। लोहारू शहर में 8 एमएम बरसात दर्ज की गई है। पिछले तीन चार दिनों से इलाके के लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। गर्मी के कारण बाजरे की फसल झुलसाने लगी थी। देर रात मौसम में परिवर्तन के साथ हुई बरसात ने लोगों को गर्मी से राहत प्रदान की। बरसात के कारण देर रात बिजली आपूर्ति भी ठप्प हो गई लेकिन सुबह बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

# बारिश की बौछारों ने प्यासी धरती को खूब नहलाया, पारे का गुरुर टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गुरुवार की सुबह लोगों के लिए राहत लेकर आया। मानसून की बौछारों ने प्यासी धरती को खूब नहलाया। बारिश से गर्मी की वजह से उपरी बिंदू पर बैठा पारे का गुरुर टूटा और सात पायदान नीचे आ गया। बारिश से लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली। दूसरी तरफ किसानों के चेहरे खिल उठे। हालांकि मानसून दो से तीन देरी से दस्तक दी,लेकिन गुरुवार सुबह आई बारिश से खरीफ की फसलों में जान आ गई। फसलों में जबरदस्त फुटाव बनेगा और बम्पर पैदावार होगी। वहीं कई जगहों पर बारिश से जलभराव की स्थिति बनी। लोगों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ी।



**उमस से मिली मुक्ति**

रात को करीब एक बजे के आसपास आसमान में काले बादलों का आवागमन शुरू हो गया। उसके बाद हल्की बारिश शुरू हुई। पहले धीमी गति से फिर तेज हवा चली। हवा के साथ साथ बारिश ने भी गति पकड़ी। अल सुबह तक कभी तेज तो कभी धीमी गति से बारिश होती रही। पारा एकदम लुढ़क कर 34 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। लोगों का गर्मी की चुभन व उमस से छुटकारा मिल गया।

**फसलों में होगा फायदा**

मानसून की पहली बारिश से खरीफ की फसलों में बेहतरीन फायदा होगा। क्योंकि कपास, जवार व बाजरे की फसल को सिंचाई की जरूरत थी। इनके अलावा किसान धान की रोपाई का इंतजार कर रहे थे। आज बारिश होने के बाद जिन फसलों की बिजाई कर रखी है। उनमें तो फायदा होगा और साथ में धान की रोपाई में गति पकड़ेगी।

# जोश-जुनून से भरपूर
# रोमांचक खेल फुटबॉल

बच्चो, इन दिनों सबसे पॉपुलर खेलों में से एक फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रूप से हो रहा है। 11 जून से शुरू हुआ फीफा वर्ल्ड कप 19 जुलाई को समाप्त होगा। क्या तुम जानते हो कि फुटबॉल की शुरुआत कैसे हुई, यह वर्तमान स्वरूप में कैसे पहुंचा? यहां हम इनके बारे में तुम्हें बता रहे हैं। साथ ही फुटबॉल के महान खिलाड़ियों और इससे जुड़े कुछ रोचक फैक्ट्स के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं।

स्पोर्ट्स नॉलेज
शिखर चंद जैन




बच्चो, फुटबॉल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में एक है। इसे 'द ब्यूटीफुल गेम' भी कहा जाता है। अधिकतर देशों में लोग फुटबॉल बड़े चाव से खेलते हैं। इन दिनों फुटबॉल की चर्चा इसलिए भी हर तरफ हो रही है, क्योंकि बीते 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। अरबों लोग इस खेल टूर्नामेंट को टीवी या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख रहे हैं। तुम भी अलग-अलग देशों की फुटबॉल टीमों के रोमांचक मुकाबले देख रहे होगे। हालांकि आज का आधुनिक फुटबॉल खेल हमेशा से ऐसा नहीं था। यह खेल हजारों वर्षों में कई बदलावों से गुजरकर अपने वर्तमान स्वरूप तक पहुंचा है।

**प्राचीन काल में हुई शुरुआतः** फुटबॉल की शुरुआत लगभग 2,000 साल पहले चीन में खेले जाने वाले 'सु-जू' नामक खेल से मानी जाती है। इसमें खिलाड़ी चमड़े की गेंद को बांस के खंभों के बीच लगे जाल में पहुंचाने की कोशिश करते थे। इसके अलावा प्राचीन ग्रीस और रोम में भी गेंद से खेले जाने वाले कई खेल प्रचलित थे, जिन्हें आधुनिक फुटबॉल का शुरुआती रूप माना जाता है।


फुटबॉल जैसा खेल सु-जू


**ऐसे हुई वर्तमान स्वरूप की शुरुआतः** आधुनिक फुटबॉल की नींव इंग्लैंड में रखी गई। अक्टूबर 1863 को लंदन में फुटबॉल क्लबों की बैठक हुई, जहां पहली बार इस खेल के आधिकारिक नियम तैयार किए गए। इसी बैठक के बाद 'फुटबॉल एसोसिएशन' की स्थापना हुई। पहले खिलाड़ी हाथ और पैर दोनों से खेलते थे। लेकिन नए नियमों में तय किया गया कि गेंद को मुख्य रूप से पैरों से खेला जाएगा। यहीं से फुटबॉल खेल के वर्तमान स्वरूप की शुरुआत मानी जाती है। बाद में वर्ष 1904 में फीफा की स्थापना हुई, जो आज दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का संचालन और नियम तय करने वाली सर्वोच्च संस्था है।

**फुटबॉल से जुड़े आविष्कारः** फुटबॉल का आविष्कार किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया, बल्कि यह समय के साथ विकसित हुआ। हालांकि कुछ लोगों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। चार्ल्स गुडईयर ने 1855 में पहली रबर की फुटबॉल तैयार की। इससे पहले गेंद जानवरों के ब्लैडर से बनाई जाती थी, जो ज्यादा टिकाऊ नहीं होती थी। फुटबॉल के शुरुआती नियमों और इस खेल की संरचना को विकसित-व्यवस्थित करने में इंग्लैंड के कई फुटबॉल क्लबों एवं इस खेल से जुड़े प्रशासकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रॉबर्ट एबट ने फुटबॉल के गोल पोस्ट और इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण नियमों को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। *

## विश्व के महान फुटबॉल-प्लेयर्स


**पेलेः** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले को 'किंग ऑफ फुटबॉल' और 'ब्लैक पर्ल' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में 1,000 से अधिक गोल किए। वे ब्राजील को तीन फीफा विश्व कप जिताने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी हैं।


**डिएगो मैराडोनाः** अर्जेंटीना के खिलाड़ी डिएगो मैराडोना भी एक महान फुटबॉलर थे। उनका 'सदी का सबसे शानदार गोल' आज भी याद किया जाता है। फुटबॉल खेलने के दौरान उनकी ड्रिबलिंग अद्भुत थी।


**लियोनेल मेसीः** मेसी को फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने कई व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स बनाए। 2022 में अर्जेंटीना को फुटबॉल विश्व कप जिताने में मेसी का महत्वपूर्ण योगदान था।


**क्रिस्टियानो रोनाल्डोः** पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी फिटनेस, रफ्तार और हवा में ऊंची छलांग लगाकर हेडर मारने के लिए मशहूर हैं। वे अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।


**जिनेदिन जिदानः** फ्रांस के महान मिडफील्डर जिनेदिन जिदान अपनी शानदार तकनीक, बेहतरीन पासिंग और खेल की समझ के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। इन्हें 'मैदान का जादूगर' कहा जाता था।

## इंट्रेस्टिंग फैक्ट्स और रिकॉर्ड्स


फुटबॉलर हाकन शुकुर (व्हाइट जर्सी में)

**सबसे तेज गोलः** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड तुर्की के हाकन शुकुर के नाम है। 2002 फीफा विश्व कप में तुर्की के हाकन शुकुर ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच शुरू होने के सिर्फ 10.8 सेकेंड बाद गोल कर इतिहास रच दिया।

**सबसे ज्यादा बार वर्ल्ड कप विजेताः** ब्राजील ने अब तक सबसे ज्यादा 5 बार फीफा विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की है।

**सबसे ज्यादा दर्शकः** 1950 विश्व कप के ब्राजील और उरुग्वे के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को रियो डी जेनेरियो के माराकाना स्टेडियम में अब तक के सबसे ज्यादा लगभग दो लाख दर्शकों ने प्रत्यक्ष देखा था।

छोटी कहानी


रवि प्रकाश

# किताब का जादू

कबीर कक्षा सात का एक ऐसा छात्र था, जिसे लोग 'नोटिस' ही नहीं करते थे। वह न पढ़ाई में सबसे आगे था, न खेलकूद में। उसे लगता- इस बड़े से स्कूल की भीड़ में वह एक खोया हुआ बच्चा है। जब शिक्षक कोई सवाल पूछते, जवाब पता होते हुए भी कबीर अपना हाथ नहीं उठाता। उसे डर लगता था कि कहीं सब बच्चे उस पर हंस न दें।

एक दिन बाहर मूसलाधार बारिश हो रही थी। खेल का मैदान पानी से लबालब भरा था। कबीर स्कूल के पुस्तकालय के एक शांत कोने में जाकर बैठ गया। खिड़की पर बूंदें 'टप-टप' गिर रही थीं। अंदर पुरानी किताबों की एक सोंधी-सी महक फैली थी।

तभी उसकी नजर रैक के सबसे नीचे दबी एक फटी जिल्द वाली किताब पर पड़ी। उसने उसे बाहर निकाला। किताब का शीर्षक था- 'हौसलों की उड़ानः जिन्होंने दुनिया बदल दी।'

कबीर ने किताब पढ़ना शुरू किया। उसने पढ़ा कि महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन को बचपन में 'मंदबुद्धि' कहकर स्कूल से निकाल दिया गया था। कबीर ने इस किताब में यह भी पढ़ा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन एक नहीं दर्जनों बार चुनाव हारे थे। किताब के बीचों-बीच एक अनमोल वचन लिखा था- 'सूरज की तरह चमकने के लिए, पहले उसकी तरह जलना पड़ता है।' इस एक कथन ने कबीर के भीतर जैसे आत्मविश्वास का कोई सोता खोल दिया। उसे समझ में आ गया- प्रतिभा जन्म से नहीं, जिज्ञासा और मेहनत से आती है। उसने वह किताब पुस्तकालय से जारी करवाई और किसी खजाने की तरह संभालकर घर ले गया।

अब उसका खाली समय फोन या टीवी पर नहीं, प्रयोग करने में बीतने लगा। उसने अपने गांव का गंदा तालाब देखा और एक 'कम लागत वाला जल शोधक' (लो कॉस्ट वाटर फिल्टर) बनाने की ठान ली। घर के स्टोर रूम से पाइप, कोयला, कंकड़ और रेत इकट्ठा किया। कई बार पानी साफ नहीं हुआ। कई बार पाइप टूट गया और कमरे में कीचड़ फैल गया, लेकिन कबीर हारा नहीं, रुका नहीं। जब तब वह इस जादुई किताब के पन्ने पलटते रहता। बहुत कुछ जानता-सीखता। इनके आधार पर प्रयोग करता।



एआई इमेज

विज्ञान प्रदर्शनी के दिन कबीर का स्टाल सबसे पीछे था। बड़े-बड़े स्कूलों के बच्चे अपने महंगे-महंगे साइंटिफिक मॉडल लेकर आए थे। लेकिन जब निर्णायकों ने कबीर के साधारण से फिल्टर से गंदे नाले का पानी कांच जैसा साफ होते देखा-वे दंग रह गए।

जब बेस्ट इनोवेटर का पुरस्कार कबीर के नाम घोषित हुआ, तो मंच पर जाते समय उसका सिर गर्व से ऊंचा था। प्रिंसिपल ने पूछा, 'कबीर, यह प्रेरणा तुम्हें कहां से मिली?'

कबीर मुस्कुराया और बोला, 'सर, मुझे एक जादू की छड़ी मिल गई थी, जो पुस्तकालय की अलमारी में बरसों से मेरा इंतजार कर रही थी, उसी से कुछ कर दिखाने की प्रेरणा मिली।'

***सीखः** अच्छी किताबें केवल छपे अक्षर नहीं होतीं, वे बंद मस्तिष्क के ताले खोलने की चाबियां होती हैं। एक सही किताब हमारी जिंदगी की दिशा बदल देती है।* *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## सरल-सरस-मनोरंजक बाल कविताएं

कविताएं केवल मनोरंजन ही नहीं करें, गुदगुदाएं भी तो कहने क्या! कुछ इसी तरह का आनंद तुम्हें बाल साहित्यकार डॉ. सुरेश अवस्थी द्वारा रचित बाल कविताओं का संकलन 'बच्चों की फुलवारी' पढ़कर मिलेगा। इस संकलन में छोटी-बड़ी कुल 22 रोचक-मनोरंजक कविताएं हैं। संकलन की पहली कविता 'चूहे' बड़ी मजेदार है, इसमें तुम पढ़ोगे कि कैसे घर में उधम मचाते हुए चूहे पानी से भरे घड़े में गिर जाते हैं, पापाजी की अलमारी से नोट उड़ा ले जाते हैं, लेकिन बिल्ली को आता हुआ देखकर अपनी जान बचाते हुए भागकर बिल में छिप जाते हैं। एक कविता में तुम पढ़ोगे कि बंदर मामा नकली पंडित बनकर ब्याह कराने तो बड़े मजे से आते हैं, लेकिन मंत्र न पढ़ पाने के कारण उन्हें हंसी का पात्र बनकर भागना पड़ता है। 'जलेबी' कविता में तो जलेबी को अन्य कई मिठाइयों की रिश्तेदार बताया गया है। उसे इमरती की बहन, रसगुल्ले की चाची, काला जाम की बुआ बताते हुए नरम-रसभरी कहा गया है। 'मेला' कविता में रंग-बिरंगे गुब्बारे हैं, लड्डू-पेड़ा है, झूलों और खेल-खिलौनों का संसार है। 'बूढ़ी दादी' कविता में एक बच्चा पहले दादी से पके बाल, पिचके गाल और दांत न होने की बातें पूछता है फिर बड़े प्यार से 'करवा दो तुम मेरी शादी, बूढ़ी दादी-बूढ़ी दादी' कहकर कविता में रस घोल देता है। 'मेरी कलम', 'आई रेल', 'गुड़िया की ससुराल', 'रोज सवेरे', 'तितली' और 'छम-छम नाचे वर्षा रानी' जैसी कविताएं इतनी सरल हैं कि पढ़ते-पढ़ते ही तुम्हें याद हो जाएंगी। कौआ और लोमड़ी की कहानी को भी कवि ने कविता में ढालकर फिर से कौए को मूर्ख और लोमड़ी को चालाक बताया है। 'हमारा स्कूल', 'लट्टू' और 'मेरा घोड़ा' जैसी संग्रह की छोटी-छोटी कविताएं भी बहुत प्यारी हैं। *



**किताबः** बच्चों की फुलवारी (बाल कविता संग्रह), **लेखकः** डॉ. सुरेश अवस्थी, **मूल्यः** 75 रुपए, **प्रकाशकः** ईरा पब्लिशर्स, कानपुर



## जीके क्विज-212

1. फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?
3. हाल ही में किसे एक बार फिर से भारत का सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है?
4. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
5. भारत में मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. सहारा मरुस्थल किस महाद्वीप में स्थित है?
7. यूक्रेन की राजधानी कहां है?
8. भारत का सर्वोच्च न्यायालय कहां स्थित है?
9. मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि (ग्लैंड)कौन-सी है?
10. कंप्यूटर का आविष्कार किसने किया था?



बच्चों, जीके क्विज-212 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-211 का उत्तर :** 1.बिहू पेपा, 2.स्मृति मंधाना, 3.ओम बिरला, 4.फुटबॉल, 5.मुंबई, 6. 5 वर्ष, 7.पोखरण (राजस्थान), 8.बहादुर शाह 'जफर', 9.सिक्किम, 10.जापान

**जीके क्विज-211 का सही उत्तर देने वाले :** संकेत-रायपुर, सुगंधा-बिलासपुर, कृष्णा-रोहतक, भारती-दुर्ग, जिया शिया-रायगढ़, कबीर-हिसार, अभिनीत-ईमेल से, सुमन-महासमुंद, कुशाग्र-दुर्ग, हर्षित-बलौदा बाजार, शिवम-रोहतक


कहानी
संजीव जायसवाल 'संजय'

# रहस्यमयी ढोल

कमलापुर गांव में एक बहुत पुराना विशाल बरगद का वृक्ष था। एक दिन अचानक इस वृक्ष से ढोल की आवाजें आने लगीं। गांव वाले दहशत में आ गए कि बरगद के वृक्ष पर जिन्नों का डेरा हो गया है, वही ढोल बजाते हैं। लेकिन मुकुल को यह बात बड़ी अजीब-सी लगी। उसने इस रहस्य का सच सामने लाकर दम लिया।


कमलापुर गांव के बाहरी हिस्से में एक बहुत विशाल और पुराना बरगद का वृक्ष था। गांव के लोग उसे एक पवित्र वृक्ष मानते थे। इस वृक्ष के नीचे अपने धार्मिक अनुष्ठान और मांगलिक कार्य किया करते थे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से उस वृक्ष को लेकर पूरे गांव में अफवाह फैल गई थी कि वृक्ष पर जिन्न रहने लगे हैं। लोगों ने डर के मारे उस तरफ जाना ही छोड़ दिया।

हुआ यह था कि एक रात गांव में बहुत तेज आंधी आई, इस आंधी में अचानक बरगद के वृक्ष की ओर से जोर-जोर से ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। अगले दिन पूरे गांव में अफवाह फैल गई कि रात में उस वृक्ष पर 'जिन्नों' का कब्जा हो गया है। वे रात में ढोल बजाकर नाच रहे थे, इसीलिए भयंकर आंधी आई थी।

अगली रात कुछ किसान खेतों में रखवाली कर रहे थे कि अचानक फिर ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। किसान घबराकर घर भाग आए। अब तो जितने मुंह उतनी बातें। लोगों ने डर के कारण उधर बरगद के वृक्ष के पास जाना छोड़ दिया। गांव के बच्चे डर के मारे शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे।

उसी गांव में चौदह साल का मुकुल रहता था। मुकुल को विज्ञान की किताबें पढ़ना बहुत पसंद था। वह हर बात के पीछे का कारण जानने की कोशिश करता था। उसे 'जिन्न' वाली बात पर बिल्कुल विश्वास नहीं हुआ। उसने अपने विज्ञान के शिक्षक से सीखा था कि भूत-प्रेत-जिन्न सिर्फ भ्रम और अंधविश्वास होते हैं, असलियत में इनका कोई वजूद नहीं होता।

एक दिन वह अपने दोस्तों के साथ बैठा था, तभी राजू ने बताया, 'गांव के लोग वहां एक विशाल यज्ञ करवाने की सोच रहे हैं, ताकि उन जिन्नों को भगाया जा सके।'


एआई इमेज

'यह तो सरासर अंधविश्वास है, पैसों की बर्बादी भी! जब भूत-प्रेत और जिन्न होते ही नहीं, तो उन्हें भगाने के लिए यज्ञ कैसा? हम सब विज्ञान के छात्र हैं, हमें ऐसी दकियानूसी बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।' मुकुल अपनी बात पर जोर देते हुए बोला।

'अगर जिन्न नहीं होते, तो फिर रात के सन्नाटे में ढोल कौन बजाता है?' पिंटू ने उसकी बात काटते हुए पूछा।

'अगर तुम लोग मेरा साथ दो, तो आज रात इस रहस्य का पता लगाया जा सकता है।' मुकुल बोला।

पहले तो राजू और पिंटू डर के मारे तैयार नहीं हुए, लेकिन मुकुल के हौसला बढ़ाने पर वे सब शाम को अंधेरा होने पर बरगद के वृक्ष की ओर चल दिए। चारों ओर सन्नाटा छाया हुआ था। अचानक मौसम बदला और तेज हवा चलने लगी। इसी के साथ बरगद के पेड़ से 'ढम-ढम ढमाक-ढम' की डरावनी आवाजें गूंजने लगीं।

'भागो! जिन्न आ गए!' राजू और पिंटू डर कर भागने लगे।


लेकिन मुकुल अपनी जगह पर खड़ा रहा। उसने राजू और पिंटू को रोका। मुकुल ने अपनी टॉर्च की रोशनी को बरगद की ऊंची डालियों की तरफ घुमाया। वहां का नजारा देख वह खिलखिलाकर हंस पड़ा फिर आवाज लगाई, 'दोस्तों! भागो मत, मैंने जिन्न को पकड़ लिया है!'

राजू और पिंटू ने सहमते हुए मुकुल की तरफ देखा। बरगद की एक मोटी और झुकी हुई डाल के बीच में एक बड़ा-सा ढोल फंसा हुआ था। जब-जब तेज हवा चलती, तो बरगद की एक दूसरी सूखी और भारी टहनी हवा के दबाव से उस ढोल से टकरातीं, जिससे 'ढम-ढम' की आवाज आ रही थी। दिन के शोर-शराबे में यह आवाज दूर तक नहीं जाती थी, लेकिन रात के सन्नाटे में बहुत भयानक लग रही थी।

मुकुल ने पास पड़ी एक लंबी लकड़ी की मदद से उस ढोल को डाल से नीचे गिरा दिया। उसे रोकने के लिए कोई जिन्न सामने नहीं आया। जिन्न का रहस्य तो खुल गया, लेकिन अब बड़ा सवाल यह था कि आखिर यह ढोल इतनी ऊंची डाल पर पहुंचा कैसे?

मुकुल ने जब ढोल को उलट-पुलट कर देखा। उस पर लाल रंग से लिखा था 'गोपाल कीर्तन मंडली, गांव-लक्ष्मीनगर' और नीचे एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। मुकुल ने तुरंत अपनी जेब से मोबाइल निकाला और उस नंबर पर फोन लगा दिया। फोन लक्ष्मीनगर के गोपाल जी ने उठाया। मुकुल ने जब उनसे बरगद के पेड़ वाले ढोल के बारे में पूछा, तो गोपाल जी चौंक गए और फिर राहत की सांस लेते हुए बोले, 'बेटा! बहुत-बहुत धन्यवाद। पांच दिन पहले हम सपरिवार उसी पेड़ के नीचे अपने पोते का मुंडन कराने आए थे। वहां हमने भजन-कीर्तन भी किया था। कीर्तन के बाद जब सब खाना खाने बैठे, तो छोटे बच्चे ढोल को जोर-जोर से पीटकर ऊधम मचाने लगे। ढोल कहीं फट न जाए, इसलिए एक रिश्तेदार ने उसे ऊपर बरगद के वृक्ष की एक ऊंची डाल के बीच में छिपाकर टांग दिया था। शाम को लौटते समय हम लोग ढोल वहीं भूल आए थे। कल आकर उसे ले लूंगा।' जिन्न का रहस्य खुल चुका था। पिंटू ने उस ढोल को अपने गले में टांग लिया और उसे जोर-जोर से बजाते हुए तीनों दोस्त गांव की ओर लौट पड़े। ढोल की आवाजें करीब आती देख गांव वाले बुरी तरह से घबरा गए, लेकिन बाद में असलियत जान सभी ने राहत की सांस ली और अपने आप पर हंसे भी। मुकुल की बुद्धिमानी ने गांव वालों के अंधविश्वास को दूर कर दिया था। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## पहलवान

सब मेवे कर गए सफाचट,
और दूध पी गए फटाफट।
दांव-पेंच सब इनको आते,
भांति-भांति के हाथ दिखाते।
मुग्दर-दंड उठाए अब तक,
लगा रहे अब उठक-बैठक।
ये शौकीन बड़े कुश्ती के,
सच में हैं पुतले चुस्ती के।
पहलवान इनसे थर्राते,
लड़ने जल्दी पास न आते।
जीत चुके हैं दंगल सारे,
कल के गामा यही हमारे।

## रंग भरो-205

रंग भरो-205 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आशुतोष, उमरिया


आशना, जांजगीर



दिशा, बिलासपुर


यतिका, कोरबा


साक्षी, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आद्या-उमरिया, प्रगति-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रेणुका-बिलासपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, शुभम-रायगढ़, अर्पित-कोरबा, सना-बलौदा बाजार, आशुतोष-दुर्ग, कुसुम-हिसार



## रंग भरो 206



बच्चो, यहां दिए गए सुंदर से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### भेरा में युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**तोशाम।** गांव भेरा के युवाओं ने मिलकर अपने गांव को स्वच्छ बनाने की मुहिम के तहत गांव के भगत सिंह पार्क के नजदीक गली में सफाई अभियान चलाया, इस दौरान अतिरिक्त झाड़ियों को भी काटा गया। यह स्वच्छता अभियान बीडीसी प्रतिनिधि उमेद सिंह सहारण के नेतृत्व में गांव के युवाओं ने एकजुट होकर चलाया। बीडीसी प्रतिनिधि उमेद सिंह सहारण ने कहा कि उनका तथा ग्रामवासियों का उद्देश्य है कि उनका गांव स्वच्छ रहे जिस गांव का वातावरण स्वच्छ बने तथा ग्रामीण भी पूरी तरह से स्वस्थ रहें।

### एसडीएम और सीटीएम ने सुनी समस्याएं

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में एसडीएम महेश कुमार और सीटीएम अनिल कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह दस बजे से 12 बजे तक जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित होते हैं, जिनमें नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती हैं। सरकार का उद्देश्य समाधान शिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। ऐसे में अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का गंभीरता से लेकर उनका समयबद्ध तरीके से समाधान करें। नागरिकों को अनावश्यक रूप से चक्कर न लगाने पड़ें।

### पार्षदों ने एसआईआर के लिए हेल्प डेस्क लगाया

**भिवानी।** गुरुवार को वार्ड संख्या 17 में पार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव ने बीएलओ के साथ मिलकर एसआईआर को लेकर हेल्प डेस्क लगाया। दोनों पार्षदों ने वहां पर पहुंचे लोगों को एसआईआर के बारे में जानकारी दी। हेल्प डेस्क से खासकर बुजुर्ग मतदाताओं को ज्यादा फायदा हुआ। इस मौके पर पार्षदों ने बताया कि एसआईआर का फार्म नहीं भरा तो वोट कट जाएगा। अगर एक बार वोट कट गया तो वे सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित हो जाएगें।

## पूर्व जिला पार्षद मान ने पांच शिकायतें सौंप समाधान की मांग उठाई

# कुंगड़ से मुंढ़ाल सड़क पर रोड़े बिछाकर छोड़े, वाहन चालक व राहगीर परेशान

- कुंभकर्णी नींद सो रहा प्रशासन, जनता का पैसा हो रहा बर्बाद: पूर्व पार्षद मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी




**भिवानी।** रोड़े बिछाकर अधर में छोड़ा कुंगड़ से मुंढ़ाल सड़क मार्ग दिखाते पूर्व पार्षद ईश्वर मान तथा ड्रेनों की साफ सफाई के अभाव में उगे सरकंडों व झाड़िया दिखाते पूर्व पार्षद ईश्वर मान। *फोटो: हरिभूमि*

उपायुक्त के नेतृत्व में लगने वाले समाधान शिविर में वीरवार को पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने एक के बाद एक पांच बड़े शिकायत पत्र सौंपकर शासन व प्रशासन की पोल खोलने का काम किया। मान ने सिंचाई विभाग, जिला परिषद और पीडब्ल्यू विभाग की सुस्ती पर तीखे तेवर अपनाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि हर विभाग अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जान-बूझकर ढिलाई बरत रहा है, ताकि जनता के पैसे को बर्बाद किया जा सके और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल सके। पूर्व जिला पार्षद मान ने बताया कि जिला परिषद विभाग ने पिछले एक वर्ष से गांव कुंगड़ से मुंढाल तक की सड़क पर सिर्फ रोड़े बिछाकर छोड़ दिए है, जिसकारण कुंगड़, भैणी, तालु, मुंढालकलां व मुंढाल खुर्द के ग्रामीणों व वाहनों को उबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरने में भारी परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा कि एक किसान की भूमि के कुछ हिस्से के मुआवजे के विवादित टुकड़े को छोड़कर बाकी सड़क को बारिश के मौसम से पहले तुरंत बनाया जाए। गांव तालु से कुंगड़ और तालु से गुड़ानी वाला मंदिर तक जाने वाली सड़कों की खस्ताहाल स्थिति पर रोष जताते हुए ईश्वर सिंह ने कहा कि पिछले कई वर्षो से ड्रेनों की सफाई नहीं होने के कारण ओवरफ्लो हुए पानी से सड़कें पूरी तरह टूट गई थी। उन्होंने कहा कि बरसात का सीजन आ गया है, लेकिन जिप प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है।

मान ने तालु माइनर व तालु-सिवाड़ा-पुर-कुंगड़-धनाना-जाटु लुहारी रजबाह की सफाई पर बड़े सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जेसीबी मशीनों से सफाई का काम बेहद जल्दबाजी व गलत ढंग से किया, जिससे घास पूरी तरह नहीं उखड़ी।

उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग टेंडर तब लगाता है जब नहर में पानी आने वाला होता है और सरकारी रेट से 20 प्रतिशत माइनस में एक ही ठेकेदार को दर्जनों माइनरों के ठेके दिए जाते हैं, जिससे समय पर सफाई नहीं होती और परेशानी किसानों को भुगतनी पड़ती है, क्योंकि जोहड़ों और वॉटर वर्क्स की डिग्गियों को पानी नहीं मिल पाता।

### जताई से मुंढालकलां की संपर्क सड़क का मुद्दा भी उठाया

उन्होंने गांव जताई से गांव मुंढालकलां तक की जर्जर संपर्क सड़क का मुद्दा भी उठाया। मान ने आरोप लगाया कि विभाग ने भिवानी से तोशाम की अच्छी-भली सड़क को उखाड़कर जनता के 12 करोड़ रुपये केवल कमीशनखोरी के लिए बर्बाद कर दिए, लेकिन एक साल से रोड की सुध लेने वाला कोई नहीं है। मान ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा चौक स्थित चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के मुख्यद्वार के पास महिला व पुरुष शौचालयों की पिछले छह माह से सफाई नहीं हुई है। चारों शौचालय व दोनों स्नानघर गंदगी से अटे हैं और बदबू मार रहे हैं।

## बैठक में नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षकों को दिए प्रभावी सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

प्रदेशभर में विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'आओ स्कूल चलें' अभियान के तहत दीक्षा पोर्टल पर एक प्रेरणादायी ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एससीईआरटी गुरुग्राम की आईटी विंग के इंचार्ज मनोज कौशिक ने प्रदेश के शिक्षा अधिकारियों, एबीआरसी, बीआरपी तथा मुख्य शिक्षकों को अभियान की सफलता के लिए पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान अभियान की कार्ययोजना, नामांकन बढ़ाने के उपाय, समुदाय की सहभागिता तथा दीक्षा पोर्टल के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

### नामांकन संख्या में करनी होगी बढ़ोतरी

एससीईआरटी गुरुग्राम के आईटी विंग इंचार्ज मनोज कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि 'आओ स्कूल चलें' केवल एक नामांकन अभियान नहीं, बल्कि हर बच्चे के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का संकल्प है। यदि शिक्षक, शिक्षा अधिकारी, एबीआरसी, बीआरपी और विद्यालय प्रबंधन पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें तो कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। दीक्षा पोर्टल इस अभियान को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने का प्रभावी माध्यम है और इसके माध्यम से अभियान की सतत निगरानी तथा आवश्यक मार्गदर्शन भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

### जिला स्तर के अधिकारी रखेंगे नजर

विंग इंचार्ज मनोज कौशिक ने बैठक में अधिकारियों ने खंड एवं जिला स्तर पर कार्य कर रहे शिक्षा अधिकारियों, एबीआरसी और बीआरपी की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। कहा गया कि ये सभी अधिकारी विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर शिक्षकों का मार्गदर्शन करें, नामांकन अभियान की प्रगति की समीक्षा करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या का समय पर समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही अभियान से जुड़ी गतिविधियों का समयबद्ध दस्तावेजीकरण एवं दीक्षा पोर्टल पर अद्यतन जानकारी अपलोड करने पर भी विशेष बल दिया गया।

## वैदिक गणित के विशेषज्ञ ने बच्चों को गुर सिखाए



**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के सेवानिवृत्त प्रिंसिपल एवं वैदिक गणित के विशेषज्ञ विमलेश आर्य ने श्रीराम पाठशाला के बच्चों को गणित के गुर सिखाएं। उन्होंने बच्चों को बड़े से बड़े पहाड़े लिखने की विधि सरल शब्दों में समझाई। उन्होंने बच्चों को गुणा भाग करने का आसान तरीका भी बताया। उन्होंने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि गणित से घबराने की जरूरत नहीं है और यह बहुत ही सरल विषय है। उन्होंने स्टाफ एवं बच्चों से निरंतर गणित का अभ्यास करने की अपील की। उन्होंने बच्चों से संस्कारों की सीख देते हुए कहा कि बच्चों को अपने बड़ों का अभिवादन करना चाहिए और मोबाइल का उपयोग कम से काम करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को जंक फूड से बचने की भी नसीहत दी। गौरतलब हैं कि विमलेश आर्य सेवानिवृत्ति के बाद विद्यालय में जाकर बच्चों को गणित की कोचिंग देना शुरू कर चुके हैं और श्रीराम पाठशाला से इसकी विधिवत शुरुआत की। श्रीराम पाठशाला चैरिटी ट्रस्ट की ओर से कोषाध्यक्ष रमेश बंसल एवं प्रबंधक बैजनाथ जैन ने उनका अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान किया। विद्यालय की प्राचार्य संगीता अरोड़ा ने उन्हें रोज की एक सलाह पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर रोशनी नेगी, लक्ष्मी सैनी, अनु, सरिता, प्रीति, भतेरी व पूजा आदि उपस्थित थे।

## विपक्ष की हर साजिश को नाकाम करेगी चौधरी बंसीलाल की विरासत : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल द्वारा आपातकाल को लेकर दिए गए एक बयान पर छिड़े सियासी विवाद में अब भाजपा ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने इस विवाद पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे विरोधियों की एक हताशा से भरी साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष विकास की राजनीति से ध्यान भटकाने के लिए केंद्रीय मंत्री के बयान को तोड़-मरोडक़र पेश कर रहा है, लेकिन हरियाणा की जनता और चौधरी बंसीलाल की सच्ची विरासत इस चाल को कभी कामयाब नहीं होने देगी। जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अक्सर हरियाणा के निर्माता और पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी बंसीलाल की ईमानदारी और उनके ऐतिहासिक विकास कार्यों का जिक्र करते हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा चौ. बंसीलाल की सराहना किया जाना विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पार्टी को हजम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ देश के ईमानदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्व. चौधरी बंसीलाल के अधूरे सपनों को साकार करने में जुटे हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी साजिश रचकर इस विकास यात्रा में रोड़े अटकाने का प्रयास कर रही है। भाजपा नेता ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि चौधरी बंसीलाल की असली विरासत आज पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी और कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के हाथों में सुरक्षित है।

## बापोड़ा में प्रेमदेवी की द्वितीय पुण्यतिथि पर की अशोक स्तंभ की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** बापोड़ा में अशोक स्तम्भ की स्थापना के दौरान मौजूद स्वर्गीय प्रेमदेवी के परिजन व ग्रामीण।

आधुनिकता के दौर में लोग अपने पूर्वजों की स्मृति को केवल रस्मों तक सीमित रहते हैं, वहीं ग्राम बापोड़ा में समाज के सामने जनसेवा, पर्यावरण और पक्षी संरक्षण का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। स्वर्गीय प्रेम देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय किरणपाल सिंह राघव की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र मनोज कुमार ने पूरे क्षेत्र को सकारात्मकता का संदेश दिया।

गांव में बेजुबान पक्षियों के दाने-पानी के लिए विशेष पक्षी दाना चबूतरे का निर्माण करवाया। गांव की बुजुर्ग माता सोनबाई एवं बसंती देवी ने अपने कर-कमलों से इसका उद्घाटन किया।

इसके साथ ही गांव की शोभा और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाने के लिए 12 फुट ऊंचे अशोक स्तंभ की स्थापना करवाई गई, जिसका अनावरण पूर्व चेयरमैन एवं पूर्व सरपंच मित्रपाल सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि मनोज ने अपनी माता की याद में यह कार्य केवल एक परिवार का आयोजन नहीं, बल्कि पूरे समाज को जोड़ने एवं हमारी संस्कृति को जीवंत रखने का प्रयास है।

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया जेल, अस्पताल, वन स्टॉप सेंटर तथा महिला थाने का निरीक्षण

# महिलाओं का सम्मान, स्वाभिमान और सुरक्षा महिला आयोग का मुख्य उद्देश्य: मीना परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** अस्पताल के निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों से जानकारी लेते हुए।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने वीरवार को जिला कारागार, नागरिक अस्पताल, वन स्टॉप सेंटर तथा महिला थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान, स्वाभिमान और सुरक्षा हरियाणा महिला आयोग का मुख्य उद्देश्य है। महिलाओं को सशक्त बनाना महिला आयोग के एजेंडे में मुख्य रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश की महिला सरपंचों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि महिला पंचायत प्रतिनिधि स्वयं अपना कार्य करें। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर भी महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण लगाए जाएंगे, जिनमें उनको अपनी सुरक्षा के गुर सिखाएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिला आयोग हर समय महिलाओं के साथ खड़ा है। वहीं उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे महिला सुरक्षा व हितों के लिए बनाए गए कानून का दुरुपयोग ना करें।

उपाध्यक्ष मीना परमार ने जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों से बात कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने वहां पर स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा स्वच्छता का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला बंदियों को सरकार द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत उन्होंने नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर महिला मरीजों के उपचार, प्रसूति सेवाओं, स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता तथा अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां आपातकालीन वार्ड, महिला वार्ड और नीकू वार्ड में विशेषकर महिला मरीजों से बात की और उनको मिली सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सक भगवान का रूप होता है। सरकार द्वारा अस्पतालों में बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। ऐसे में चिकित्सक मरीजों को तत्काल प्रभाव से मरीजों को चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाएं। मीना परमार ने वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया और महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही कानूनी सहायता, परामर्श, चिकित्सा एवं पुनर्वास संबंधी सेवाओं की समीक्षा की।

इसके बाद उन्होंने महिला थाना भिवानी का निरीक्षण कर महिलाओं से जुड़े मामलों के निस्तारण, शिकायतों की सुनवाई तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### निरीक्षण के दौरान ये रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान डीएसपी अनूप कुमार, सिविल सर्जन डा. रघुवीर शांडिल्य, पीएमओ डा. बलवान सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा, संरक्षण अधिकारी हरबंस कौर, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी अंजू, जिला कारागार के अधिकारियों के अलावा भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रभारी बबीता तंवर, शकुंतला प्रधान, रेणूबाला सेनी, वीणा तंवर और सुनील डावर मौजूद रहे।

## सेकेण्डरी व सीनियर सेकेण्डरी परीक्षा जुलाई 2026 के प्रवेश-पत्र जारी

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव मुनीश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि सीनियर सैकेण्डरी कंपार्टमैंट/आंशिक अंक सुधार/अतिरिक्त विषय की एक दिवसीय परीक्षा एवं सैकेण्डरी कंपार्टमैंट/आंशिक अंक सुधार/अतिरिक्त विषय की परीक्षा जुलाई-2026 के प्रवेश-पत्र 02 जुलाई, 2026 से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर लाइव कर दिए गए है। परीक्षार्थी अपना प्रवेश-पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं। इन परीक्षाओं में 50 हजार 867 परीक्षार्थी प्रविष्ठ होंगे। परीक्षाओं की शुचिता, विश्वसनीयता व गरिमा को बनाए रखने के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी कंपार्टमेंट व अतिरिक्त विषय की एक दिवसीय परीक्षा 09 जुलाई (वीरवार) को संचालित होगी।

## न्यूज डायरी



### अधिकारी न बरतें लापरवाही : एसडीएम

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर के मार्गदर्शन में एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया। एसडीएम डॉ. विरेंद्र ने नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागाध्यक्ष शिकायत के समाधान के लिए मौके पर जाकर स्थिति की जांच करें व शिकायतकर्ता की संतुष्टि का भी ध्यान रखें।
एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त हुई शिकायतों के समाधान में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। समाधान शिविर में अवैध कब्जे व पेंशन व अन्य विभिन्न तरह की शिकायतें प्राप्त हुई।



### जन-जन तक पहुंचाएं योजनाएं: विधायक

**चरखी दादरी।** विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन है और कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही पार्टी की निरंतर सफलता का आधार है। कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं समर्पण के बल पर ही भाजपा लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाएं। विधायक सांगवान ने वीरवार को गांव लोहरवाड़ा, मोरवाला, बिगोवा, इमलोटा एवं कन्हेटी में बूथ स्तरीय संगठनात्मक बैठकों को संबोधित किया। विधायक सांगवान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की नायब सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर जितना मजबूत संगठन होगा, पार्टी उतनी ही मजबूती के साथ जनता की सेवा कर सकेगी।



### तालमेल से करें बेहतर क्रियान्वयन : एसडीएम

**तोशाम।** तोशाम विधान सभा क्षेत्र के पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम संदीप कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा के निर्देशानुसार वर्ष 2026 के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम का विभिन्न विभागो के अधिकारी और कर्मचारी आपसी तालमेल बेहतर क्रियानवन करें। पंजीयन अधिकारी ने कहा कि मतदाता फार्म एकत्र करने में आंगनबाड़ी वर्कर व जन प्रतिनिधि बीएलओ का सहयोग करें और शिक्षा विभाग अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) को समयबद्ध एवं निष्पक्ष तरीके से पूरा करके लोकतांत्रिक प्रजातंत्र प्रक्रिया को और अधिक मजबूत व पारदर्शि प्रणाली के भागीदार बने।



### वन कार्यालय के समक्ष मांगों को लेकर दिया धरना

**बाढड़ा।** वन विभाग मजदूर यूनियन हरियाणा के बैनर तले श्रमिकों ने वन राजिक अधिकारी कार्यालय के समक्ष अपनी मांगों को लेकर धरना दिया तथा मांगे शीघ्र पूरी नही होने पर प्रदेशभर में आंदोलन की चतावनी दी है। धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र ने की। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से कार्यरत वन श्रमिकों का मानसिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उनकी मांगों को शीघ्र समाधान नही किया गया तो प्रदेशभर में श्रमिक आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय और श्रम न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशों को तुरंत लागू किया जाए, वन विभाग से हटाए गए पुराने श्रमिकों को दोबारा काम पर रखा जाए और उनका बकाया वेतन दिया जाए, सभी मजदूरों को हर महीने की 7 तारीख से पहले वेतन का भुगतान सुनिश्चित हो।



### हर उत्सव पर हो पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण जरूरी

**भिवानी।** सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति, सदाचारी शिक्षा समिति एवं युवा जागृति एवं जन कल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा एक बेटी एक पेड़ मिशन व एक पेड़ मां के नाम व हर घर हरियाली थीम 2026 के तहत 5 दिवसीय बेटी उत्सव कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसके तहत मिशन की ब्रांड एंबेसडर नव्या भारद्वाज ने अपने जन्मोत्सव पर स्थानीय हनुमान जोहड़ी धाम संजीवनी केंद्र पार्क में औषधीय पौधा रोपण किया। इस अवसर पर विशेष सानिध्य महंत चरण दास का रहा। महंत चरण दास, शिक्षाविद हरेन्द्र पुनिया व मास्टर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बेटी सुरक्षा और नारी सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पानी के महत्व को भी समझाना है। इस तरह के आयोजनों से समाज में एक सकारात्मक बदलाव आ सकता है, जो हमारे भविष्य के लिए आवश्यक है।



### घटती हरियाली मानव जीवन के लिए चुनौती : खटीक

**भिवानी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हरियाणा खटीक समाज के प्रदेश अध्यक्ष समीर खटीक के जन्मदिवस के अवसर पर जितनी उम्र, उतने पौधे संकल्प के साथ एक वृहद पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देना, अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण प्रदान करना है। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि केवल पौधे लगाने तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित भी करेंगे। अभियान के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के विशेष अवसरों को पर्यावरण संरक्षण से जोडक़र प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समीर खटीक ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और लगातार घटती हरियाली मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं।

**खबर संक्षेप**

### एसआईआर अभियान में लापरवाही नहीं चलेगी

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 को लेकर निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने मुख्यालय द्वारा वीसी के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा के निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं का पता नहीं चल रहा है, उनके संबंध में पड़ोसियों एवं स्थानीय लोगों से जानकारी प्राप्त कर वास्तविक स्थिति दर्ज की जाए।

### वन महोत्सव के तहत स्कूल में पौधरोपण किया

**बाढ़डा।** गांव कारीदास स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में वन महोत्सव मनाया गया। अध्यक्षता मुख्य अध्यापक नसीब सिंह सांगवान व स्कूल इंचार्ज अनिल कुमार की रही। महोत्सव के दौरान बच्चों के हाथों विधालय व आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण करवाया गया। मास्टर सुदंरपाल फौगाट ने कहा कि प्रकृति हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसीलिए बच्चों को बचपन से ही पर्यावरण के बारे में सिखाना आवश्यक है। इससे वे जिम्मेदार और जागरूक व्यक्ति बनते हैं। वन महोत्सव जैसे आयोजन छात्रों को पृथ्वी की रक्षा में अपनी भूमिका को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

### नशे के विरुद्ध ग्रामीणों को किया जागरूक

**बाढडा।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कन्वीनर राजू मान ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील धानक के संयोजन में चल रही नशा मुक्ति संदेश यात्रा के दौरान ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि नशा युवाओं के लिए बहुत घातक और जानलेवा है। उन्होंने कहा कि किसी समय हरियाणा के लिए देश विदेश में कहा जाता था कि हरियाणा जहां दूध दही का खाना लेकिन दुर्भाग्य है कि अब यहां दूध दही की जगह सूखे नशे ने ले ली है। कांग्रेस पार्टी की नशा मुक्ति संदेश यात्रा आज उमरवास, जीतपुरा, भारीवास, हड़ौदी , हड़ौदा पहुंची। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील धानक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं को लेकर बेहद संवेदनशील है इसीलिए जिले भर में नशा मुक्ति संदेश यात्रा निकाली जा रही है।

## अघोषित कट बंद नहीं हुए तो बिजली दफ्तर का घेराव कर उग्र प्रदर्शन करेंगे: क्षेत्रवासी

# डीएचबीवीएन की मनमानी से हाहाकार, 13 घंटों से हरजीकान चौक क्षेत्र की बत्ती गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- हरजीकान चौक व जांडवाली गली में बिजली सप्लाई ठप, लोग परेशान, बिल लेट हो तो जुर्माना

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम भिवानी की कार्यप्रणाली के खिलाफ हरजीकान चौक व जांडवाली गली क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। बिजली उपभोक्ताओं का साफ कहना है कि आम जनता का बिजली बिल एक दिन भी लेट हो जाए तो निगम तुरंत जुर्माना ठोक देता है और कनेक्शन काटने तक की धमकी दी जाती है, लेकिन जब सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति देने की बारी आती है तो बिजली निगम पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा हैं। हरजीकान चौक, जांडवाली गली व साथ लगती अनेक गलियों में बीते एक सप्ताह से कई-कई घंटों के अघोषित कट लग रहे है तथा इन अघोषित बिजली कटों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। क्षेत्र की महिलाएं व बच्चे गलियों में बैठकर बिजली का इंतजार करने को मजबूर हैं। बुधवार बीती रात एक बजे से पूरे इलाके की बिजली ठप हैं तथा वीरवार दोपहर बाद तक लगभग 13 घंटे बीतने पर भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई। इस भीषण गर्मी में बिना बिजली और पानी के रहना आमजन के लिए किसी कड़ी सजा से कम नहीं है। क्षेत्रवासी अशोक कुमार, सतबीर, तारा बाई, सजय, विजय, रामकिशन, राजा, पूनम व अनिल आदि ने बताया कि जब वे बिजली निगम के शिकायत केंद्र या टोल-फ्री नंबरों पर फोन करते हैं तो घंटों कोशिश करने के बावजूद या तो फोन मिलता नहीं और कभी मिल भी जाए तो शिकायत दर्ज करने में भारी आनाकानी की जाती है।



भिवानी। हरजीकान चौक क्षेत्र में गली में बैठकर बिजली आने का इंतजार करती एवं बिजणा से हवा करती महिलाएं व बच्चें। फोटो: हरिभूमि

**अघोषित कटौती से जनता परेशान**

निगम की इस आंतरिक कमी एवं लापरवाही की सजा आमजन और बच्चे गर्मी में क्यों भुगते। क्षेत्रवासियों ने बिजली निगम के दोहरे रवैये को उजागर करते हुए बताया कि जहां एक तरफ लोगों के घरों में रात से बत्ती गुल है, वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र की सरकारी स्ट्रीट लाइटें दिनभर जल रही हैं। एक तरफ बिजली की किल्लत का रोना रोया जाता है, वहीं दूसरी तरफ बिजली बर्बाद की जा रही है। क्षेत्रवासियों ने निगम को स्पष्ट चेतावनी दी कि बिजली व्यवस्था में तुरंत सुधार नहीं किया और अघोषित कटों का ये सिलसिला तुरंत बंद नहीं हुआ तो वे बिजली दफ्तर का घेराव करके उग्र प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।



भिवानी। समाधान शिविर में ज्ञापन सौंपने जाते वार्डवासी। फोटो: हरिभूमि

### समाधान शिविर में सौंपा ज्ञापन

- कम वोल्टेज लाइट एवं पूरी रात बिजली गायब रहने से आमजन का जीना दूभर : पार्षद विनोद

**भिवानी।** शहर के वार्ड नंबर 25 में मूलभूत सुविधाओं के संकट को लेकर पार्षद विनोद ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वीरवार को पार्षद विनोद के नेतृत्व में वार्डवासियों ने समाधान शिविर में दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर बिजली की अघोषित कटौती, खराब ट्रांसफार्मर और दूषित पेयजल की गंभीर समस्याओं से तत्काल राहत दिलाने की मांग की है। पार्षद ने संबंधित विभागों के अधिकारियों पर घोर लापरवाही एवं जनता की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उनके साथ उर्मिला, मीना, सुनीता, रामदेवी, राजरानी, सुमन, निर्मल, दीपिका, सुशील आदि मौजूद रहे। समाधान शिविर में सौंपे शिकायत पत्र में पार्षद विनोद ने पतराम गेट व हालु बाजार क्षेत्र में बिजली की बदहाल व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि इन इलाकों में बार-बार कम वोल्टेज लाइट आने और पूरी-पूरी रात बिजली गायब रहने से आमजन का जीना मुहाल हो गया है। हैरानी की बात ये हैं कि बिजली गुल होने पर जब नागरिक बिजली निगम के कर्मचारियों को फोन करते हैं तो वे फोन नहीं उठाते और ऑनलाइन शिकायत नंबर को उठाकर अलग रख देते हैं, ताकि कोई संपर्क न कर सके।



बवानीखेड़ा। नालों की सफाई करते हुए नपा सफाई कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## नपा ने चलाया गंदे पानी की निकासी को लेकर विशेष सफाई अभियान

- नाले से हटाया कचरा व जलकुंभी, नपा प्रधान ने स्वयं संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में बरसात के मौसम को देखते हुए नगरपालिका द्वारा शहर में जलभराव और गंदे पानी की निकासी को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सफाई कर्मचारियों ने मुख्य नालों और नालियों में जमा कचरा, प्लास्टिक, झाड़ियां, घास-फूस तथा जलकुंभी को हटाकर पानी के बहाव को सुचारु किया। नपा प्रधान सुंदर अत्री ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए इस कार्य पर विशेष निगाह रखी। नगरपालिका की टीम ने शहीद गुलाब सिंह पार्क के पास नाले सहित विभिन्न स्थानों पर नालों की गहन सफाई की। सफाई कर्मचारियों ने घंटों तक मेहनत कर नाले में फंसे कचरे और गाद को बाहर निकाला, जिससे गंदे पानी की निकासी में आ रही बाधा दूर हुई। सफाई के दौरान बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, पॉलीथीन, घरेलू कचरा एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री बरामद हुई, जिसे ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से उठाकर निर्धारित स्थान पर भिजवाया गया।

**नियमित सफाई**

नगरपालिका अधिकारियों ने बताया कि बरसात के दौरान नालों में कचरा जमा होने से पानी की निकासी प्रभावित होती है, जिससे जलभराव और मच्छरों के पनपने की समस्या बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख नालों की नियमित सफाई करवाई जा रही है ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने शहरवासियों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे घरों और दुकानों का कचरा नालियों एवं नालों में न डालें। यदि लोग सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने से बचेंगे तो जल निकासी व्यवस्था बेहतर बनी रहेगी और शहर को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी नगरपालिका द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से नाले में कचरा जमा होने के कारण पानी की निकासी प्रभावित हो रही थी। समय रहते सफाई होने से बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से काफी राहत मिलने की उम्मीद है। नगरपालिका प्रधान सुंदर अत्री ने स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में भी शहर के विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान जारी रहेगा और जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जाएगी।

## नप ने कई जगहों से अवैध कब्जे हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

शहर को जाम मुक्त, सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन वीरवार को भी जारी रहा। उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशों पर नप टीम ने पुलिस बल को साथ लेकर शहर के विभिन्न वार्डों, मुख्य मार्गों पर सरकारी जमीन से अवैध कब्जे व अतिक्रमण हटवाया। वीरवार को नगर परिषद की टीम ने स्थानीय वार्ड 14 में अभियान चलाते हुए सरकारी जमीन पर किए तीन बड़े अवैध कब्जों को जेसीबी की मदद से हटाया। इसके बाद टीम भगवान वाल्मीकि नगर में पहुंची। यहां निर्माणाधीन नाले में अवरोध बन रहे अतिक्रमण को स्थानीय निवासियों ने अपने स्तर पर हटाने की बात कही। इसके बाद टीम ने स्थानीय वार्ड सात में कार्रवाई की। यहां पर गली में आवागमन में बाधा बन रही टीन शेड को करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हटाया गया। वार्डों में कार्रवाई के बाद टीम नगर के डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर पहुंची। जिसके बाद टीम ने चौक से तहसील रोड, भगवान परशुराम चौक होते हुए बस स्टैंड तक अभियान चलाया और सड़क किनारे, फुटपाथ पर रखे सामान को हटाने के साथ-साथ काफी सामान को जब्त भी किया। इस संबंध में नगर परिषद दादरी के म्युनिसिपल इंजीनियर विरेंद्र हुड्डा ने शहर को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा। इसके लिए नगर परिषद की टीमें भवन निरीक्षक व मुख्य सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में हररोज शहर के अलग-अलग हिस्सों में अभियान चलाएंगी।



चरखी दादरी। मंगल मार्केट के बाहर अतिक्रमण हटवाती नगर परिषद टीम।

## एसडीएम ने किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण

- कहा : सभी बीएलओ समय रहते पूरा करें एसआईआर का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

लोहारू विधानसभा के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने गुरूवार को लोहारू हलके में चल रहें एसआईआर अर्थात मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का विभिन्न बूथों पर जाकर कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया और सभी बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि सभी बीएलओ निर्धारित समयावधि में एसआईआर का कार्य पूर्ण करें। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि सभी बीएलओ अपने साथ लगाए हुए सहयोगी कर्मचारी की मदद से निर्धारित समय में एसआईआर का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को किसी प्रकार का तनाव लेने की जरूरत नही है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, नगर पालिका क्षेत्र के पार्षदों से अपील कि वे अपने क्षेत्र में प्रत्येक मतदाता तक यह संदेश पहुंचाएं कि सभी मतदाता अपने गणना प्रपत्र को पूर्णतया भरकर अपने बीएलओ को जल्द से जल्द लौटाने का काम करें। एसआईआर का कार्य महत्वपूर्ण है तथा प्रत्येक मतदाता के लिए यह सत्यापन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा ऐसे मतदाताओं का नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में अंकित नही हो पाएगा।



लोहारू। एसआईआर के कार्य का निरीक्षण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**चुनावी कार्य तेज**

एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि लोहारू-54 विधानसभा क्षेत्र में 246 मतदान केंद्रों पर एसआईआर कार्य चल रहा है। इस कार्य की निगरानी के लिए 26 बीएलओ सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचन अधिकारी कुमारी प्रियंका व अंकित कुमार, अतिरिक्त सहायक निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, मोहित कुमार, सुरजीत सिंह, हीरालाल सांगवान, श्रीमती दर्शना श्योराण, सुरेश श्योराण, श्याम सुंदर सांगवान, प्रद्युमन गढ़वाल, आदित्य कुमार, विजय प्रभा फील्ड में तैनात किए गए हैं। इसके अलावा बीएलओ की सहायता के लिए मॉडल स्कूल सिवानी, बीडीपीओ ऑफिस, बहल और एसडीएम ऑफिस लोहारू में दक्ष टीमों को तैनात किया गया है।

### नशा मुक्ति केंद्र और सखी वन स्टॉप सेंटर का सीजेएम पवन कुमार ने किया औचक निरीक्षण

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. गगनदीप कौर सिंह के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम)-कम-सचिव पवन कुमार ने गुरुवार को जिले के नशा मुक्ति केंद्र तथा सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं, उपचार व्यवस्था, परामर्श सेवाओं एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती मरीजों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, उपचार की प्रगति, दैनिक दिनचर्या तथा काउंसलिंग सत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों को नशे से दूर रहकर नई शुरुआत करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है।

### सुरेश कुमार की सेवाएं रहीं प्रेरणादायक

**बाढड़ा।** बाढड़ा बिजली घर में जेई सुरेश कुमार बेरला आज गुरुवार को 28 वर्ष 7 माह और 20 दिन की उल्लेखनीय सेवाएं पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृ8ा हुए जेई के स6मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। उपमंडल बिजली कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपमंडल अधिकारी रामसिंह ने कनिष्ट अभियंता सुरेश कुमार को पगड़ी पहनाकर स6मानित किया तथा उनके उज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। सर्व कर्मचारी संघ के खंड प्रधान प्रविंद्र भांडवा ने कहा कि सुरेश कुमार ने पूरे सेवा काल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सरल स्वभाव से अपनी अलग पहचान बनाई।

## जसविंद्र नेहरा बने एचएसएएस अध्यक्ष

- एचएसएएस कैडर जिला भिवानी की नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गुरूवार को एचएसएएस कैडर जिला भिवानी के समस्त वरिष्ठ लेखा अधिकारी, लेखा अधिकारी एवं अनुभाग अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के मुख्य लेखा अधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से एचएसएएस कैडर जिला भिवानी की नई कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें लोकनिर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) के अनुभाग अधिकारी जसविंद्र नेहरा को अध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अनुभाग अधिकारी संदीप शर्मा को सचिव, आबकारी एवं कराधान विभाग की अनुभाग अधिकारी वंदना को उपाध्यक्ष तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भिवानी के अनुभाग अधिकारी कपिल को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी सबको साथ लेकर एचएसएएस कैडर के हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा करेगी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सतत प्रयासरत रहेगी। वहीं संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं संगठित बनाने की दिशा में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेगी। बैठक में वरिष्ठ लेखा अधिकारी राजेश नैन, लेखा अधिकारी हरीश दुग्गल, लेखा अधिकारी मनोज, अनुभाग अधिकारी राजेश, अनुभाग अधिकारी सुरेन्द्र, अनुभाग अधिकारी प्रदीप परमार, अनुभाग अधिकारी संजय व अनुभाग अधिकारी विकास आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। एचएसएएस कैडर जिला कार्यकारिणी गठन के दौरान मौजूद वरिष्ठ लेखा अधिकारी, लेखा अधिकारी एवं अनुभाग अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## सीजेएम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

- सीजेएम ने बंदियों के रहन-सहन, खान-पान, पेयजल, चिकित्सा व स्वच्छता का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष देशराज चालिया के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला ने जिला कारागार भिवानी का निरीक्षण किया तथा बंदियों से बातचीत की। सीजेएम संजीव काजला ने कहा कि यदि किसी बंदी को कानूनी सहायता की आवश्यकता है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उसकी सहायता करने के लिए सदैव तत्पर है। सीजेएम ने बताया कि कोई विचाराधीन बंदी किसी मामूली प्रकरण में केवल कानूनी सहायता के अभाव में लंबे समय से जेल में निरुद्ध है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने पुरुष बैरकों का निरीक्षण किया तथा बंदियों के रहन-सहन, खान-पान, पेयजल व्यवस्था, पुस्तकालय, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधाओं एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बंदियों से उनकी समस्याओं एवं जेल में बिताई गई अवधि के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**तीन दर्जन के आसपास गलियों को करीब साढ़े छह करोड़ रुपये की लागत से पक्का करवाने के कार्य पर मोहर लगी**

# साढे छह करोड़ से गलियां होंगी पक्की, आधा दर्जन बाहरी कॉलोनी के विकास को लगेंगे पंख

अप्रूवड होने पर खुले कॉलोनियों के विकास के द्वार : भवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डा.अम्बेडकर कालोनी,डाग फार्म कोंट रोड,पीपली वाली जोहडी क्षेत्र को अप्रुड होने पर इन क्षेत्रों के विकास के द्वार खुल गए। अप्रूवड होने की जानकारी नप में पहुंचने के बाद इन कॉलोनियों की करीब तीन दर्जन के आसपास गलियों को करीब साढे करोड रुपये की लागत से पक्का करवाने के कार्य पर मोहर लगी। करीब आधा दर्जन कॉलोनियों के लोगों को जबरदस्त फायदा होगा अब इन निर्माण कार्यो के टेंडर प्रक्रिया शुरू होने के बाद इन कॉलोनियों के लोगों में जबरदस्त खुशी है। गुरुवार को इन कॉलोनियों का प्रतिनिधि मंडल नप कार्यालय पहुंचा और इन सभी कार्यो के लिए नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह का मुंह मीठा करवाया और कहा कि यह साबित हो गया कि भाजपा की राज में योजनाओं का लाभ पक्तिं में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।



भिवानी। अप्रूवड होने वाली कॉलोनियों का प्रतिनिधिमंडल नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह से बातचीत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**कच्ची गलियां होंगी पक्की**

वहीं भवानी प्रताप सिंह ने कहा की विकास कार्यों के लिए नगर परिषद कृतसंकल्प है हम अथक मेहनत के साथ शहर की अनप्रुड कालोनियों को अप्रूव्ड करवा रहे हैं। उन्होंने कहा की जल्द से जल्द शहर की बाकी कच्ची गलियों में भी टेंडर जारी कर पक्का करवाया जाएगा। वार्ड 14 डा. अम्बेडकर कालोनी के मुख्य मार्ग हनुमान गेट तक का टेंडर अगले एक-दो हफ्ते में जारी कर दिया जाएगा जिससे इस क्षेत्र के लोगों को आने जाने में किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

**ढाई करोड़ से बनेंगी 20 गलियां**

नगर परिषद कार्यालय में डा.अम्बेडकर कालोनी निवासियों, पीपली वाली जोहडी के स्थानीय लोगों के प्रतिनिधि मंडल ने चैयर्पसन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह से मुलाकात की इस मौके पर भवानी प्रताप सिंह द्वारा शहर के क्षेत्र वार्ड 14 के डा. अम्बेडकर कालोनी, पीपली वाली जोहडी क्षेत्र,एवं वार्ड 13 के कोंट रोड डाग फार्म के पीछे के क्षेत्र को अप्रुड करवाऐ जाने और 2.5 करोड़ की लागत से कोंट रोड डॉग फ़ार्म एवं जुगलाल स्कूल और पिपली वाली फाटक के पास की करीब 20 गलियों के निर्माण के टेंडर जारी किए जाने पर नगर परिषद चैयर्पसन प्रतिनिधि को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की गई। इस मौके पर चैयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा की अब अप्रुड हुए इन क्षेत्रों में तेजी के साथ काम होंगे जिससे की कच्ची गलियों को पक्का करवाने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। उन्होंने बताया की वार्ड 14 के कोयला भट्ठी क्षेत्र की कच्ची गलियों, पीपली वाली जोहडी गली नं 10 के साथ कच्ची गलियों,डा.अम्बेडकर कालोनी की कच्ची गलियों,व काली माता मंदिर के पास कच्ची गलियों का लगभग 4 करोड़ की लागत के टेंडर लगाया जा रहे है जो जल्द ही पक्की की जाएगी।